हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026

11 बसंत पंचमी पर विद्या की देवी मां सरस्वती को किया नमन



12 रेलवे रोड चौराहे का नाम नेताजी पर रखने की मांग



## खबर संक्षेप

### सिविल सेवा खेल के लिए ट्रायल 27 से

**झज्जर।** अखिल भारतीय सिविल सेवा अधिकारियों के लिए विभिन्न खेलों के ट्रायल 27 जनवरी से 2 फरवरी तक खेल विभाग द्वारा हरियाणा के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने जिले के महिला एवं पुरुष सिविल सेवा अधिकारियों से इन ट्रायल में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कैरम, कबड्डी, शतरंज, फिजिकल, क्रिकेट एवं बैडमिंटन खेलों के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं।

### शटर उखाड़ दुकान से नकदी व सामान चुराया

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली मार्ग पर जॉकी स्टोर में चोरी की वारदात हो गई। शटर उखाड़कर चोर स्टोर में घुसे और सामान तथा नकदी पर हाथ साफ कर गए। स्टोर संचालक श्याम सुंदर की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। श्याम सुंदर का कहना है कि वीरवार की सुबह जब स्टोर पर आए तो वारदात का पता चला। शटर उखड़ा और टूटा हुआ था। अंदर देख तो गल्ले से पांच हजार की नकदी व दो हजार का सामान गायब था। वहीं, सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोली चलाने व लूटपाट का आरोपी रिमांड पर

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर गोली चलाने और लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। कोशिंद्र निवासी ढाणी नांगल नीमका ने शिकायत दी थी कि 8 मार्च 2025 को वह अपने दोस्त के साथ कार से केएमपी एक्सप्रेस वे के रास्ते सोनीपत जा रहा था। इसी दौरान पांच छह युवकों ने उनकी गाड़ी पर पीछे की ओर से गोली चला दी। इन्होंने मारपीट कर लूटपाट की। पुलिस ने आरोपी फतेह सिंह निवासी तरवाला राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

## फैक्ट्री अग्निकांड : अंगूठी और कद-काठी से हुई दोनों शवों की शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एमआईई पार्ट-ए स्थित 817 नंबर फैक्ट्री में लगी आग से जिंदा जलकर जान गंवाने वाले अतावारिस व अमीरुद्दीन के शव इतनी बुरी हालत में थे कि उनकी पहचान अंगूठी और कद-काठी के आधार पर हुई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शवों को नम आंखों के साथ गांव ले गए। जाते-जाते पुलिस से न्याय की गुहार भी लगाई। मृतक श्रमिकों के परिजनों ने फैक्ट्री मालिक को इस त्रासदी का जिम्मेदार ठहराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई। इसके अलावा मालिक मेन गेट का ताला बंद करके जाता था। यदि गेट पर ताला नहीं लगा होता तो शायद दोनों की जान बच सकती थी। मामले में गंभीरता से जांच कर मृतकों को न्याय दिलाया जाए।

# रात को गेट बाहर से बंद करके जाता था फैक्ट्री मालिक श्रमिकों को नहीं मिला निकलने का रास्ता, केस दर्ज

छत से कूदकर जान बचाने वाला एक श्रमिक आईसीयू में भर्ती, परिजनों ने फैक्ट्री मालिक पर गंभीर आरोप लगाए

- अग्निशमन विभाग ने प्रथम दृष्ट्या शार्ट सर्किट को माना फैक्ट्री में आग की वजह, रबड़ व केमिकल होने की वजह से तेजी से भड़की आग और फैला धुआं



### बुरी तरह जल गए थे चचेरे भाइयों के शव

घटना वीरवार सुबह की है। दिल्ली निवासी नितिश की इस फैक्ट्री में जूतों के अपर बनाए जाते हैं। आग लगने के दौरान दरवाजा बाहर से बंद होने के कारण यूपी के हरदोई निवासी अतावारिस और उसके चचेरे भाई अमीरुद्दीन अंदर ही फंस गए और दोनों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। वहीं तीसरा श्रमिक आरिफ छत से कूदकर जान बचाने में सफल रहा, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरिफ को एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। आग से अतावारिस व अमीरुद्दीन के शव बुरी तरह जल गए थे। अमीरुद्दीन के हाथ की अंगूठी व कद काठी के आधार पर परिजनों ने दोनों शवों की पहचान की। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। मामले में यह भी सामने आया है कि जब दमकल विभाग बचाव कार्य में जुटी थी तो उन्हें यह सूचना नहीं दी गई कि अंदर लोग फंसे हुए हैं। सर्च अभियान के दौरान ही ये शव दमकल कर्मियों को मिले। फायर आफिसर रमेश कुमार का कहना है कि जांच जारी है। फिलहाल शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

### फोरेंसिक टीम को दोबारा बुलाएंगे : चौकी प्रभारी

एमआईई चौकी प्रभारी सज्जन सिंह ने कहा कि फैक्ट्री में आग लगने की घटनाक्रम की असल सच्चाई घायल आरिफ के बयान के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल अतावारिस के भाई जमाल वारिस की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी फैक्ट्री मालिक को जल्द गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। फैक्ट्री में जांच के लिए फोरेंसिक टीम को दोबारा बुलाया जाएगा। जांच के बाद ही आग के सही कारणों व लापरवाही के स्तर का पता चलेगा।

## आज होगी फाइनल रिहर्सल, समारोह में 800 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस अलर्ट, जिले में लगाए 27 विशेष नाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांति और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।



डॉ. राजश्री सिंह पुलिस कमिश्नर झज्जर।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह हरियाणा रोडवेज कर्मशाला में आयोजित किया जाएगा, जबकि उपमंडल स्तर पर बादली, बेरी और बहादुरगढ़ में भी समारोह होंगे। शनिवार को जिला स्तरीय समारोह की फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार झज्जर, बहादुरगढ़, बेरी व बादली क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर कुल 27 विशेष नाके लगाए गए हैं।

जिले की सीमाओं, विशेषकर दिल्ली से लगती सीमाओं पर कड़ी नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

### समारोह में यहां रहेगी पार्किंग की व्यवस्था

उन्होंने अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग रोडवेज वर्कशॉप परिसर में निर्धारित की गई है, जबकि आम जनता के वाहनों के लिए कर्मशाला के अंदर मंदिर के सामने, लॉरेंस स्कूल के पास तथा नया बस अड्डा परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं, अतिथि गृहों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रखी जा रही है। सादे कपड़ों में तैनात पुलिसकर्मी भी भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सतर्कता बरत रहे हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और फाइनल रिहर्सल की सुरक्षा व्यवस्था में करीब 800 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि समारोह स्थल में प्रवेश से पहले प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी ली जाएगी। आमजन की सुविधा के लिए बैरिकेड्स लगाए जाएंगे तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती की गई है।

- वीरवार रात 10 बजे से शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक रही पाबंदी



**बहादुरगढ़।** दिल्ली में एंट्री बैन होने पर बाईपास पर लगी ट्रकों की लाइन।

## दिल्ली में एंट्री न मिलने पर लगी भारी वाहनों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- 25 जनवरी को रात 10 बजे से 26 जनवरी समारोह तक भी एंट्री बैन होगी

गणतंत्र दिवस की रिहर्सल को लेकर दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाए जाने का असर बहादुरगढ़ में साफ दिखाई दिया। दिल्ली में एंट्री न मिलने के कारण सेक्टर-9 बाईपास पर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई। सेक्टर-9 बाईपास चौक के आसपास ट्रक और अन्य भारी वाहनों की भीड़भाड़ रही। सड़क पर दोनों ओर वाहन खड़े हो गए। इससे आम वाहनों की रफ्तार थम गई और लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। यातायात को नियंत्रित रखने के लिए मौके पर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई। बाईपास के अलावा शहर के अंदर दिल्ली-रोहतक रोड पर भी ट्रकों की लाइन लगी थी। दरअसल, दिल्ली में गणतंत्र दिवस रिहर्सल को लेकर भारी वाहनों की पाबंदी थी। दिल्ली में भारी वाहनों को जाने से रोकने के लिए शहर में कई जगह नाके लगाए गए। वीरवार रात करीब 10 बजे लागू हुई यह व्यवस्था शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे तक जारी रही।

## दिनभर रुक-रुक कर हुई बरसात, मौसम में घुली ठंडक



**झज्जर।** माता गेट क्षेत्र में मुख्य सड़क पर हुए जलभराव के बीच गुजरते वाहन।

- झज्जर में 8 एमएम, बहादुरगढ़ में 14 एमएम, बादली में 13 एमएम, बेरी में 17 एमएम, मातनहेल में 5 एमएम तथा साल्हावास में 8 एमएम बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार अलसुबह बादलों की तेज गर्जना के साथ तेज बारिश हुई। इसके बाद दिनभर कभी हल्की और कभी मध्यम बारिश होती रही, जिसके कारण मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार झज्जर क्षेत्र में 8 एमएम, बादली क्षेत्र में 13 एमएम, बेरी क्षेत्र में 17 एमएम, मातनहेल क्षेत्र में 5 एमएम तथा साल्हावास क्षेत्र में 8 एमएम बरसात दर्ज की गई। वहीं बरसात के कारण किसानों खुश दिखाई दिए।

### यहां आई परेशानी

दिनभर रूक रूक कर बरसात होने के कारण दिनचर्या प्रभावित रही। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नीम ऑली कॉलोनी में जलभराव के कारण लोगों को काफी दिक्कतें हुई, वहीं कई सड़कों पर जलभराव होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**फसलों को होगा लाभ :** बरसात के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। किसानों का कहना है कि इससे गेहूं और सरसों दोनों ही फसलों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि बरसात होने से उनके एक पानी की बचत होगी और फसलों की बढ़वार तेज होगी। बता दें कि जिले भर में लगभग 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों और करीब 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गई है।

## छारा में मकान से जेवर व छह लाख की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- मकान मालिक झज्जर में रहता है, पीछे से बंद मकान का ताला तोड़ा

गांव छारा स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। ताले तोड़कर चोर मकान में घुसे और छह लाख की नकदी सहित आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। मांडोठी चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात हरिचंद्र के मकान में हुई है। हरिचंद्र का कहना है कि पिछले करीब दो महीने से वह झज्जर में किराये पर रह रहा है। छारा स्थित उनका मकान बंद रहता है। वीरवार को वह गांव में लौटा तो मकान के गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर गया तो सामान बिखरा हुआ और अलमारी खुली पड़ी थी। चेक करने पर सोने की तीन अंगूठी, चार जोड़ी बालियां, चेन तथा छह लाख रुपये की नकदी गायब थी। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। वहीं, पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### कोबी के कार्यालय में एसडीएम के साथ उद्यमियों ने की बैठक

## कौशल विकास केंद्र के लिए बड़ी जगह मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- श्रमिक व जरूरतमंद वर्ग के बच्चों को विकास केंद्र में देते हैं निशुल्क शिक्षा

औद्योगिक संस्था कन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) के कार्यालय में एसडीएम अभिनव सिवाच के साथ उद्यमियों की एक बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर उनके व्यावहारिक और स्थाई समाधान की दिशा में ठोस पहल करना रहा।

बैठक में कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग, दीपक शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान तीन दिन पूर्व उपायुक्त स्वप्निल रवींद्र पाटिल की अध्यक्षता में सिंगल विंडो प्रणाली के तहत आयोजित बैठक में उठे मुद्दों की भी समीक्षा की गई और उनके शीघ्र समाधान के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों और कर्मचारियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा तथा कौशल विकास पर विशेष चर्चा हुई। कोबी अध्यक्ष ने बताया कि उद्योगों के सहयोग से कोबी कार्यालय की पहली मंज़िल पर मंथन संपूर्ण विकास केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां बच्चों को शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सीमित स्थान के कारण अधिक बच्चों को इस सुविधा से जोड़ा नहीं जा पा रहा है। इस पर कोबी प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के समक्ष सरकार से उपयुक्त और पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा व कौशल विकास का लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम ने कोबी कार्यालय में संचालित शिक्षण एवं कौशल विकास केंद्र का अवलोकन भी किया। साथ ही कोबी प्रतिनिधि मंडल के साथ बालगृह का दौरा किया।



**बहादुरगढ़।** विकास केंद्र का अवलोकन करने पहुंचे एसडीएम।

### दिल्ली–रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति की मांग पूरी

# बहादुरगढ़ रुकेगी कामाख्या जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस

एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15671/15672 को 30 जनवरी से सप्ताह में एक बार चलाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रेलवे ने कामाख्या–रोहतक अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 15671/15672 को 30 जनवरी से सप्ताह में एक बार चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को कामाख्या से तथा रविवार को रोहतक जंक्शन से प्रस्थान करेगी। कामाख्या से यह ट्रेन रात दस बजे रवाना होकर तीसरे दिन बहादुरगढ़ स्टेशन पर एक बजकर 54 मिनट पर पहुंचेगी तथा पौने तीन बजे रोहतक जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी रोहतक जंक्शन से रात 22.10 बजे चलकर 22.38 बजे बहादुरगढ़ स्टेशन पर पहुंचेगी और तीसरे दिन 12.35 बजे कामाख्या जंक्शन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी।

यह अमृत भारत एक्सप्रेस कई राज्यों से होकर गुजरेगी। रोहतक से चलने के बाद इसका पहला ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन पर होगा। इसके बाद यह ट्रेन पुरानी दिल्ली, प्रयागराज, गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी जंक्शन, कटिहार, कोकराझार और किशनगंज होते हुए कामाख्या जंक्शन पहुंचेगी। ट्रेन में स्लीपर और सामान्य श्रेणी के डिब्बे रहेंगे।

रेलवे ने दिल्ली–रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति की मांग पर पहली बार अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव बहादुरगढ़ स्टेशन पर दिया है। उल्लेखनीय है कि यह गाड़ी दिल्ली–भटिंडा रेल मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशन शकूरबस्ती पर भी नहीं रुकेगी।

### अप और डाउन की सात-सात ट्रेनें नहीं रुकती




दिल्ली–रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति की ओर से प्रवक्ता सतपाल हाडा ने बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहराव देने के लिए रेल विभाग का आभार जताया। साथ ही समिति ने इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने और बहादुरगढ़ स्टेशन पर सात जोड़ी और गाड़ियों का ठहराव देने की मांग उठाई है। समिति का कहना है कि बहादुरगढ़ स्टेशन पर अभी भी डाउन में सात और अप में सात ट्रेनें नहीं रुकतीं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है।

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल
कैंसर के इलाज में आपका भरोसेमंद साथी
NABH मान्यता प्राप्त
कैंसर की पूरी जांच और इलाज, अब आपके पास
ESIC लाभार्थियों के लिए अच्छी खबर!
एंड्रोमेडा कैंसर हॉस्पिटल अब ESIC के पैनल में शामिल
कुंडली, सोनीपत में आधुनिक और सम्पूर्ण कैंसर सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
अस्पताल निम्न पैनलों में भी शामिल है:
CGHS, CRPF, CISF, SSB, ITBP, BSF, NSG, दिल्ली पुलिस, तथा प्रमुख बीमा कंपनियाँ और टीपीए

संपर्क करें 9138111625
सुशांत सिटी, कुंडली, रसोई गाँव के पास, सोनीपत
www.andromedahospital.in
Scan the code to open the Google Map



# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।



## हॉलीवुड मसाला



# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है।



 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।

## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।


### गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप

### लापता शख्स की तलाश में भटक रहा परिवार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शास्त्री नगर का निवासी एक व्यक्ति काफी समय से लापता है। पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे हैं लेकिन कुछ सुराग नहीं लग पाया है। शास्त्री नगर के निवासी राजू का कहना है कि उसके पिता बटोरन चौहान की मानसिक दशा ठीक नहीं है। गत 28 मार्च को वह टहलने के लिए घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं आए। तब से लेकर अब तक गांव, तमाम रिश्तेदारियों, संभावित ठिकानों पर तलाश कर चुके हैं लेकिन कुछ सुराग नहीं लग सका है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, लाइनपार थाने से जांच अधिकारी पूनम का कहना है कि इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। व्यक्ति को तलाशने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार

**झज्जर।** एचआर ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती, पराक्रम दिवस, बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में आयुष विभाग की टीम द्वारा सूर्य नमस्कार कराया गया। आयुष टीम में शामिल जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर पवन देशवाल, संगीता, आचार्य बलदेव, आचार्य हरमेश बंसल और आचार्य प्रवीन ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराते हुए इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। इस दौरान स्कूल प्रबंधक विकास धनखड़ व प्राचार्य मोहिंद्र सिंह गुलिया ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर मां सरस्वती का पूजन भी किया।

### एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# विद्या की देवी मां सरस्वती को किया नमन



झज्जर। मां सरस्वती को नमन करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा के पावन पर्व बसंत पंचमी पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक, गीत और स्लोगन के माध्यम से मां सरस्वती की महिमा का बखान किया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पित कर उनके ज्ञान, विद्या और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान स्कूल में गणित क्विज का आयोजन भी किया। प्राइमरी हेड नीलम कुमार ने बताया कि इस अंतरसदनीय क्विज में कलाम सदन 74 अंक लेकर प्रथम, रमन सदन 64 अंक लेकर द्वितीय और अटल सदन 62 अंकों के साथ तृतीय रहा। इसके अलावा पटेल सदन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### बसंत पंचमी पर जीवन में होता है नई उमंग व ऊर्जा का संचार : सिंघल


झज्जर। बसंत पंचमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन मिडिल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। स्कूल के मैनेजर केशव सिंगला ने विद्यार्थियों को मां सरस्वती और बसंत पंचमी पर्व के महत्व से करवाया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी पर जिस प्रकार पृथ्वी पर सरसों के पीले फूल, पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं उसी प्रकार हमारे जीवन में भी नई उमंग व ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान जहां कुटुंब प्रबोधन के जिला संयोजक एडवोकेट पंकज शर्मा ने विद्यार्थियों को भारत माता और स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों की जानकारी दी वहीं शिक्षिका ममता वर्मा ने कहा भारतीय संस्कृति तथा रीति रिवाज और धर्म बारे बच्चों को शिक्षा देना आज की मुख्य आवश्यकता है। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य सूबे सिंह, सीमा गोयल, सरिता सिंघल, प्रीति गर्ग, प्रियंका शर्मा, प्रीति हरित, कोमल, कविता, निशा व योग शिक्षक कृष्ण दत्त जांगड़ा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# हवन में आहुति डालकर शिक्षकों ने की सर्वमंगल की कामना


झज्जर। शिक्षकों के साथ हवन में आहुति डालते हुए स्कूल संचालक जयदेव दहिया। फोटो : हरिभूमि

- प्रत्येक वर्ष इस पर्व पर हवन किया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए स्कूल में बसंत पंचमी पर्व पर पंडित नरेश के नेतृत्व में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने मुख्य यज्ञमान की भूमिका निभाई। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस पर्व पर हवन किया जाता है। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि हवन में आहुति डालकर शिक्षकों ने सर्वमंगल व सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### वैदिक विधि से हवन कर मां सरस्वती से की ज्ञान, विवेक व सुख-समृद्धि की कामना



**झज्जर।** संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में बसंत पंचमी पर्व वैदिक विधि से हवन व पूजा-अर्चना करके मनाया गया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर हवन में आहुति डाली व सर्व मंगल की कामना की। उन्होंने विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना करते हुए उनसे ज्ञान, विवेक, समृद्धि की कामना की। बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हमें ज्ञान के महत्व का स्मरण कराता है और संदेश देता है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसका प्रभाव हमारे जीवन, व्यवहार और सोच में भी स्पष्ट दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कारों के साथ एक जागरुक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक का निर्माण करना है।

### हवन के बाद श्याम भक्तों में वितरित की पीतांबरी



**झज्जर।** बसंत पंचमी पर्व पर अंबेडकर चौक स्थित श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर प्रधान भारत दीवान ने बताया कि सुबह हवन का आयोजन कर मां सरस्वती का वंदन किया गया। इसके उपरांत बाबा श्याम का चमत्कारी पीतांबरी वस्त्र श्याम भक्तों को वितरित किया गया। मंदिर पुजारी हिमांशु भारद्वाज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि पीतांबरी वस्त्र को बाबा श्याम की विशेष कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक माना जाता है। श्याम भक्तों के लिए यह पीतांबरी केवल वस्त्र नहीं बल्कि बाबा की अनुकंपा, अटूट आस्था और विश्वास का अमूल्य प्रतीक है जो जीवन को भक्ति आशा और विश्वास से भर देता है। इस मौके पर आजाद दीवान, बृजमोहन कौशिक, मनोज दीवान, बालकिशन बंसल, सोमबीर अत्री, मनोज कौशिक, हेमंत, प्रदीप दीवान, मोहित, मुकेश शेरवाल, हर्ष सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा



**बहादुरगढ़।** नक्षत्र व आशा किरण स्पेशल स्कूल में ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व बसंत पंचमी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल व स्कूल स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने अपनी क्षमताओं के अनुसार गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि उचित अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर वे भी अपनी प्रतिभा को सुंदर रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। शिक्षकों ने बच्चों को वसंत पंचमी के महत्व के बारे में बताया।

# भजनों से किया मां सरस्वती व खाटू श्याम की महिमा का गुणगान


झज्जर। कीर्तन में उपस्थित महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के चौपटा बाजार स्थित प्राचीन श्रीखाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी विनय तिवारी ने बताया कि मंदिर में आयोजित हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली व मां सरस्वती का ध्यान किया। इस दौरान बाबा खाटू श्याम को स्नान कराकर उन्हें पीतांबरी धारण कराई गई। पंडित विनय तिवारी ने बताया कि श्याम बाबा के अंग वस्त्र को बसंती वस्त्र भी कहते हैं। इसके अलावा आयोजित कीर्तन में भक्तों ने भजनों के माध्यम से सरस्वती मां तथा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया।

### विद्यार्थियों ने की सरस्वती वंदना



झज्जर : डीएवी पब्लिक स्कूल बेरी में बसंत पंचमी पर्व श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना से हुआ। प्राचार्या मीनू शर्मा ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराते कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, कला और नई ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और सृजनात्मकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, कविता पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

### मदर इंडिया स्कूल में किया हवन



**बहादुरगढ़।** मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में हवन हुआ। स्कूल सचिव राजेश कुमार, संचालक अमित राठी, अनु सहित तमाम शिक्षकों ने यज्ञ में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### विद्या व सद्बुद्धि की कामना की




**बहादुरगढ़।** बराही रोड स्थित त्रिवेणी विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास व सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले पुष्पों, झंडियों व आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशका संगीता वर्मा, उप निदेशिका सुमित्रा महला तथा प्रिंसिपल अनिल कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों, शिक्षकों व विद्यालय स्टाफ ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना की। सभी ने पीले वस्त्र धारण कर बसंत ऋतु के आगमन का उल्लासपूर्वक स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, कविता पाठ व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। उप निदेशिका सुमित्रा महला ने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### सूर्य नमस्कार व योग अभ्यास करवाया


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर हाथों में लिए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-एक एवं दो के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियों का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर शिविर की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं आरती से की गई। पांचवीं कक्षा के छात्र विवान ने सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को सूर्य नमस्कार एवं योग अभ्यास करवाया। सेवानिवृत्त बीईओ फूल सिंह ढाका ने तीन दिवसीय ध्यान कार्यक्रम के पहले दिन ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यान का अभ्यास करवाया। स्वरोजगार एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

# दुकानदारों ने की मार्केट में साफ-सफाई व लाइट व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

- व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल के माध्यम से नगर परिषद को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केशव सिंघल को ज्ञापन सौंपते दुकानदार।

स्थानीय पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्थित करतार सिंह मार्केट के दुकानदारों ने मार्केट में लाइट व्यवस्था सुचारू करने व गली की साफ-सफाई की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि उनकी मार्केट में नियमित सफाई न होने के कारण कूड़े के ढेर बन गए हैं जिनके कारण गंदगी फैली रहती है। गली में साफ-सफाई न होने के कारण उनकी दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। दुकानदार जितेंद्र, अरुण, सोमबीर, प्रवीण, विनोद कुमार, डॉक्टर अमन सोनी, नवीन आदि ने बताया कि उन्होंने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल के माध्यम से नगर परिषद को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में नगर परिषद चेयरमैन से गली में नियमित साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुचारू किए जाने की मांग की गई है। वहीं नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि मार्किट में नियमित तौर पर सफाई करवाई जाएगी और कूड़े का उठान करवाया जाएगा। इसके अलावा लाइटिंग व्यवस्था भी दुरूस्त की जाएगी। दुकानदारों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# नेशनल अवॉर्डी युवाओं को नौकरियों में मिले प्राथमिकता

- एनएसएस नेशनल अवॉर्डी दीपक सिंह ने युवाओं और खेल जगत की बेहतरी के प्री बजट बैठक में दिए सुझाव
- सीएम को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपकर स्वयंसेवकों के लिए आवाज उठाई



- सरकारी योजनाओं के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाने का दिया सुझाव

प्री-बजट बैठक में अपने सुझाव रखते हुए नेशनल अवॉर्डी दीपक सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित प्री-बजट परामर्श बैठक में जिले के गांव घाटौली निवासी एनएसएस नेशनल अवॉर्डी दीपक सिंह ने युवाओं और खेल जगत की बेहतरी के लिए अपने सुझाव दिए। राज्य सरकार द्वारा बजट पूर्व चर्चा के लिए दीपक सिंह को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। उन्होंने सीएम को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपकर स्वयंसेवकों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि मैं नहीं आप की भावना से कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सरकार से प्रोत्साहन मिलना आवश्यक है। उन्होंने बैठक के दौरान राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेताओं के लिए युवा मामलों और सामाजिक न्याय विभाग में नौकरियों में आरक्षण या प्राथमिकता दिए जाने, राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा के अवॉर्डियों को भी राज्य परिवहन की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा, उच्च शिक्षा में दाखिले के समय अवॉर्डियों को विशेष वेटेज या सीटों में आरक्षण, सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अनुभवी एनएसएस अवार्डियों को ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने का सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक स्वच्छ भारत और नशा मुक्ति जैसे अभियानों की रीढ़ हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीएम के नेतृत्व में सरकार इन सुझावों को आगामी बजट में शामिल करेगी, जिससे विकसित भारत 2047 का सपना साकार हो सकेगा।

### नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने की मुख्यातिथि के रूप में शिरकत

# नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर में 175 लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शिविर के दौरान मुख्यातिथि नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी के साथ उपस्थित समिति पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

सर्वोदय जनहित समाज कल्याण एनजीओ द्वारा शुक्रवार को छावनी मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर छावनी में नेत्र जांच व स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में 175 लोगों ने पहुंच कर नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। समिति प्रधान प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस दौरान नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे समय-समय पर होने वाले इस प्रकार के शिविरों का लाभ उठाएं। उन्होंने गली-मौहल्ले में नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने पर समिति सदस्यों की सराहना भी की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वतंतत्रा संग्राम में दिए गए नेताजी सुभाष के योगदान व बंसत पंचमी के महत्व से भी अवगत कराया। चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र, प्रमोद, काजल, लवकुश, खुशबू, नवीन कायत, शुभम, नवीन आदि ने शिविर में पहुंचने वाले लोगों को आंखों को ठीक रखने व स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी। इस मौके पर कैशियर कौशल्या वर्मा, सूरजभान, रमेश मल्हान, श्यामलाल, कुलदीप, बबीता, साहब सिंह, अनिल तनेजा, मास्टर करण, निरंजन शेट्टी, राज सिंह, अमित पाल, अमित भौरिया, संजय, जयपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### शिविर में 180 चालकों ने कराई आंखों की जांच



**झज्जर।** शुक्रवार को स्थानीय बस स्टैंड परिसर में नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 180 बस चालकों की आंखों तथा सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के उपरांत जिन चालकों को आवश्यकता पाई गई, उन्हें निशुल्क चश्मे भी उपलब्ध करवाए गए। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चालकों की आंखों की विस्तृत जांच के साथ-साथ जनरल बॉडी चेकअप किया। चिकित्सकों ने चालकों को आंखों की नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने और पर्याप्त विश्राम करने की सलाह दी, ताकि लंबी दूरी की यात्राओं के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचा जा सके। एसडीएम एवं जिला परिवहन अधिकारी अंकित कुमार चौकसे ने कहा कि चालकों का स्वस्थ रहना सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### चोरी के मामले में एक आरोपी किया काबू

**रेवाड़ी।** कसोला पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 20 नवंबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे।

### सूचना

मैं, कैलाश चन्द शर्मा पुत्र श्री उमराव शर्मा निवासी म. नं. 74, गली नं. 3, वार्ड नं. 1, विकास नगर, रेलवे लाईनपार, बहादुरगढ़ जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनूज शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### भगवान राम के आदर्शों को अपनाएं : जून

**बहादुरगढ़।** श्रीराम सेवा समिति द्वारा आयोजित भगवान श्रीराम की तृतीय शोभा यात्रा के उत्सव व अयोध्या तक बस यात्रा कार्यक्रम में विधायक राजेश जून ने भाग लिया। भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका जीवन सत्य, धर्म, त्याग और करुणा का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में भाईचारा, शांति और समरसता को मजबूत किया जा सकता है। विधायक समिति द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों की सराहना की। अपनी ओर से 11 हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की।

### दुल्हेड़ा में चार किसानों के खेतों में चोरी

**बहादुरगढ़।** खेतों में चोरी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब गांव दुल्हेड़ा में वारदात हो गई। यहां चार किसानों के खेतों से मोटरें चोरी हुई हैं। किसानों ने पुलिस को शिकायत दे दी है। दुल्हेड़ा निवासी सुभाष का कहना है कि वीरवार सुबह वह खेत में गया तो वारदात का पता चला। उसके खेत से दो मोटर गायब थी। वहीं, आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि पड़ोसी किसान जगदीप, आजाद व सुरेंद्र के खेत से भी मोटर व वॉल आदि चोरी हुए हैं। किसानों का कहना है कि इस वारदात से उन्हें काफी आर्थिक हानि हुई है। काम भी प्रभावित हो गया है। वहीं, बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली मार्ग पर ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। सेक्टर-2 के निवासी रवि का कहना है कि 21 जनवरी को स्टेशन के नीचे बाइक खड़ी करने के बाद वह दिल्ली चला गया। वापस आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। वहीं, सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी समीर निवासी जसोरखेड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नागरिक मंच बहादुरगढ़ ने आदरपूर्वक मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

# लोगों ने की रेलवे रोड चौराहे का नाम नेताजी पर रखने की मांग

> वक्ताओं ने कहा कि नेताजी जिस आजादी का सपना लेकर लड़े, उसका वास्तविक लाभ आज भी आम गरीब जनता तक नहीं पहुंच पाया। युवा वर्ग भीषण बेरोजगारी से जूझ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** नेताजी को नमन करते मंच के सदस्य व लाइनपारवासी। फोटो : हरिभूमि

स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नागरिक मंच बहादुरगढ़ द्वारा आदर व सत्कार के साथ मनाई गई। मंच की ओर से लाइनपार स्थित शंकर गार्डन में चंद्रशेखर आज़ाद चौक पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। लोगों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा एवं सम्मान के साथ स्मरण किया।

राजवीर छिल्लर और रामकिशन ने आज़ादी के आंदोलन में नेताजी के योगदान तथा उनके संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी जिस आजादी का सपना लेकर लड़े, उसका वास्तविक लाभ आज भी आम गरीब जनता तक नहीं पहुंच पाया। युवा वर्ग भीषण बेरोजगारी से जूझ रहा है। जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने, गरीबी और बेरोजगारी के खिलाफ सशक्त जनआंदोलन चलाने, सांप्रदायिक उन्माद पर रोक लगाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नेताजी की मृत्यु से जुड़े प्रकरण की पुनः न्यायिक जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाने की मांग उठी। साथ ही रेलवे रोड चौराहे का नाम नेताजी के नाम पर रखने, वहां उनकी प्रतिमा स्थापित करने और स्मारक स्थल के रखरखाव की स्थाई व्यवस्था की मांग भी की गई। कार्यक्रम में विद्या, डॉ. जगबीर सिंह, महावीर वर्मा, नरेंद्र सोनी, गोपाल सिंह, राजेंद्र, मोनू वर्मा व एमएस नेगी आदि उपस्थित रहे।

### नेताजी को नमन किया

*बहादुरगढ़। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मेन बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। चेयरपर्सन सरोज राठी ने नेताजी को नमन किया और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की मिसाल है। इस मौके पर पार्षद राजेश तंवर, नगर परिषद के सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा, जेई नीरज, प्रवीण कुमार, रोहतास, मनमोहित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।*



**बहादुरगढ़।** नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि




**झज्जर।** सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़। फोटो : हरिभूमि

### नेताजी का जीवन राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का प्रतीक : धनखड़

**झज्जर।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर नेताजी के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय योगदान को स्मरण किया गया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने गांव बाढ़सा में आयोजित विकसित भारत जी रामजी कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का प्रतीक है। आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि नेताजी का तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा आज भी युवाओं में जोश और ऊर्जा भर देता है।



**झज्जर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### माल्यार्पण कर नेताजी सुभाषचंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

**झज्जर।** जिले भर में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने नपकर्मियों के साथ पुरानी तहसील परिसर स्थित नेताजी सुभाष चौक स्मारक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए नेताजी के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश उनका सैदव ऋणी रहेगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से महापुरुषों व बड़े-बुजुर्गों का आदर करने व देश पर जान न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों का सम्मान करने का आह्वान किया। इस मौके पर नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, सैनेटरी इंस्पेक्टर आनंद मलिक, सफाई दरोगा शिवम, विकास उज्जैनवाल, गौरव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** नेताजी सुभाष चंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत एकत्रित किसान एवं मजदूर संघ के प्रतिनिधि एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### श्रद्धा के साथ किया नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद

**झज्जर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संघ द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वी जयंती रेवाड़ी बाईपास पर श्रद्धा के साथ मनाई गई। संघ के सदस्यों व समर्थकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। जिला कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह तथा संसार सुरहेती ने आजादी आंदोलन में नेताजी के जीवन संघर्ष से अवगत कराते हुए उनका सपना था कि लोगों को राजनीतिक आजादी के साथ-साथ आर्थिक आजादी भी मिले। गरीब व अमीर का अंतर मिटे, किसी प्रकार का भेदभाव न हो, हर तरह के शोषण का खात्मा हो, महिलाओं को सम्मान मिले। उन्होंने नेताजी के विचारों को स्कूल शिक्षा पाठ्यक्रम में लागू करने की मांग भी की। मौके पर संसार सुरेहती, मनोज यादव, दिनेश, धर्मबीर, तुषार, लखन, मनोज, सलमान, बलजीत, कृष्ण, अंकित, जोगेंद्र सैनी आदि उपस्थित रहे।

## पहलवान प्रदीप ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** पदक विजेता प्रदीप दलाल पहलवान। फोटो : हरिभूमि

उत्तर प्रदेश में हुई ऑल इंडिया इंटर साई रेसलिंग चैंपियनशिप में जयवीर अखाड़े का पहलवान प्रदीप दलाल छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदीप ने अपने भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया। उसकी जीत पर परिजनों, कोच व साथी पहलवानों ने खुशी जताई है।

स्पोर्ट्स एथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से 20 से 22 जनवरी तक लखनऊ साई सेंटर में इस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस अंडर-15 चैंपियनशिप में बुपिनया स्थित जयवीर अखाड़े के प्रदीप दलाल ने जोर आजमाइश की। प्रदीप ने फ्री स्टाइल 48 केजी भारवर्ग में अपनी तमाम कुश्तियां जीतकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उसकी जीत से परिजनों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

प्रदीप दलाल गांव मांडोठी से है और पिछले कुछ वर्षों से कोच जयवीर के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। कोच जयवीर ने बताया कि प्रदीप बेहद प्रतिभाशाली है। कम उम्र में ही बेहतर परिणाम ला रहा है। दिसंबर माह में भी यूपी में हुए स्कूल नेशनल में प्रदीप ने गोल्ड मेडल जीता था। एक दिन बड़े स्तर पर देश का नाम रोशन करेगा। अखाड़े में लौटने पर प्रदीप पहलवान का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

## खेतों में जलनिकासी की समस्या का होगा समाधान : जून

- विधायक ने मेहंदीपुर डाबोदा व डाबोदा कलां का किया दौरा
- खेतों के रास्ते पक्के करवाने व पुरानी चौपाल को भव्य बनवाने का किया जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

जनसंपर्क अभियान के तहत विधायक राजेश जून ने गांव मेहंदीपुर डाबोदा व डाबोदा कलां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को गांवों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और समस्याएं सुनीं।

विधायक राजेश जून ने कहा कि दोनों गांव में मुख्य समस्या गंदे पानी की निकासी व बरसाती पानी के जलभराव की है। निकासी नहीं होने के कारण खेतों में जलभराव रहता है जिससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान होता है। इसलिए आगामी बजट में दोनों गांव में गंदे पानी की निकासी व खेतों में बरसाती जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए बूस्टर पंप बनाने या पाइपलाइन डालकर मोटर और बिजली कनेक्शन के साथ स्थाई रूप से इस समस्या का समाधान करने की दिशा में काम किया जाएगा।

इसके अलावा मेहंदीपुर डाबोदा गांव में खेतों के रास्ते पक्के करवाने, पुरानी चौपाल को भव्य बनवाने के अलावा डाबोदा कलां गांव की एससी चौपाल को आगामी डी प्लान के बजट से बनवाया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** विद्यारंभ संस्कार में मौजूद शिक्षक, अभिभवक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों ने ओउम लिखकर किया शिक्षा जीवन शुरू

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा व विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। पंडित घनश्याम शास्त्री के सान्निध्य में हवन संपन्न हुआ, जिसमें 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया और मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। हवन के पश्चात विद्यार्थियों ने ओउम लिखकर अपने औपचारिक शिक्षा जीवन का शुभारंभ किया। विद्यालय की निदेशिका विजयलक्ष्मी, चेयरमैन डॉ. अशोक शर्मा व प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने अक्षराभ्यास संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में आयोजित इस पावन अनुष्ठान ने शिक्षा के प्रति एक नई चेतना जगाई, जिससे बच्चों, अभिभावकों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

## नशे के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

- राजकीय महिला महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में नशा मुक्ति अभियान विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज को स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त बनाने का संदेश देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। सभी स्वयं सेविकाओं व शिक्षकों ने विद्या, सद्बुद्धि और सकारात्मक जीवन मूल्यों की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की।

शिविर के दौरान स्वयं सेविकाओं ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्परिणामों पर जागरूकता भाषण प्रस्तुत किए। पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, समूह चर्चा तथा नशा विरोधी नारे लगाकर स्वयं सेविकाओं ने समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। स्वयं सेविकाओं ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगी तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगी। मार्गदर्शिका अलका गुलाटी ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को खोखला कर देता है। एनएसएस प्रभारी डॉ. आशिमा ने स्वयं सेविकाओं को सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व समझाया।

### घर में घुसकर परिवार पर रॉड व डंडों से हमला

**बहादुरगढ़।** गांव बालोर में दीवार को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। मकान में घुसकर एक परिवार पर लाठी व डंडों से हमला करने की बात सामने आई है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात बालोर के निवासी विवेक के साथ हुई है। विवेक का कहना है कि 21 जनवरी को पड़ोसी व्यक्ति व उसके बेटे ने छत पर दीवार गिरा दी। इस बात पर हमारी उनके साथ कहासुनी हो गई। फिर पुलिस बुलाई तो दोनों पक्षों को समझा दिया गया। पुलिस के जाते ही वे दोनों पिता पुत्र सहित आधा दर्जन से अधिक लोग जबरन हमारे घर में घुस गए। लाठी, डंडों व रॉड से हमारे परिवार पर हमला कर दिया। हमले में मुझे, पिता, मां, चाचा, चाची सहित अन्य परिजनों को गंभीर चोट आई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### एसीपी को मिला गांधी स्मृति एवं दर्शन सम्मान



**बहादुरगढ़।** एसीपी प्रदीप खत्री को सम्मानित करते संजीव कुमार।

**बहादुरगा।** एसीपी डॉ. प्रदीप खत्री को राजघाट में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। वीरता पुरस्कार से सम्मानित बहादुरगढ़ के एसीपी डॉ. प्रदीप खत्री का जोरदार अभिनंदन भी हुआ। गांधी स्मारक एवं दर्शन समिति के निदेशक संजीत कुमार ने साहस, वीरता के लिए उनको गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति सम्मान दिया। निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि एसीपी डॉ. प्रदीप खत्री का साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सत्य, कर्तव्य तथा निर्भयता के मूल्यों का सजीव प्रतीक है। ऐसे अधिकारी न केवल पुलिस बल, बल्कि समाज और युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। वहीं डॉ. प्रदीप खत्री ने गांधी दर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और सिद्धांतों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सत्य और अहिंसा आदि आदर्शों को अपने जीवन व सेवा कार्यों में आत्मसात करना उनका निरंतर प्रयास रहा है। उन्होंने इसे प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताया। बता दे कि एसीपी प्रदीप खत्री इससे पूर्व ऑनर ऑफ अशोक अवॉर्ड, राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक तथा भारत गौरव अवॉर्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं।



**बहादुरगढ़।** नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अधिवक्ताओं के साथ एडवोकेट संजय राठी। फोटो : हरिभूमि

### एडवोकेट संजय ने किया नामांकन पत्र दाखिल

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के निवासी वरिष्ठ एडवोकेट संजय राठी ने बार काउंसिल दिल्ली के सदस्य पद के लिए होने वाले चुनाव में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के अवसर पर बहादुरगढ़ व झज्जर जिले सहित हरियाणा के कई एडवोकेट उनके साथ दिल्ली पहुंचे। इस दौरान एडवोकेट संजय राठी ने एनसीआर क्षेत्र के दिल्ली के अधिवक्ताओं से मुलाकात कर समर्थन की अपील की। वकीलों ने भी उनको शुभकामनाएं दीं। बता दें कि एडवोकेट संजय राठी पूर्व में भी बार काउंसिल दिल्ली के सदस्य रह चुके हैं। इस मौके पर एडवोकेट सतपाल राठी, संदीप राठी, प्रदीप तंवर, प्रदीप राठी, जयभगवान राठी, गोपाल गुजर, सतबीर अहलावत, मुस्कान तंवर, कनिका राठी, देव राठी, सक्षम राठी, कबीर राठी, इशांक राठी, भाविका राठी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में हुआ विस्तार व्याख्यान

# नए रोजगार अवसरों की विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में वक्ता को पौधा भेंट करते प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्य।

बादली स्थित चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में रोजगार विभाग ने विद्यार्थियों के लिए विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य विभिन्न रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता फैलाना और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स का विकास करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने की।

मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर डॉ. प्रवीण फोगट ने सोशल साइंसेज में कॅरियर के मौके विषय पर विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। इतिहास के विद्यार्थियों के लिए एकेडमिक, एडमिनिस्ट्रेटिव, रिसर्च, हेरिटेज मैनेजमेंट, आर्कियोलॉजी, सिविल सर्विसेज़ और उभरते हुए इंटरडिसिप्लिनरी कॅरियर ऑप्शन पर रोशनी डाली गई। दूसरा विस्तार व्याख्यान वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कौशल कुमारी ने फाइनेंशियल मार्केट्स और इन्वेस्टमेंट कॅरियर पर दिया। उन्होंने स्टॉक मार्केट, बैंकिंग, म्यूचुअल फंड, इंश्योरेंस, फाइनेंसियल एडवाइजरी सर्विसेज और फाइनेंस तथा इन्वेस्टमेंट से जुड़े प्रोफेशनल कोर्स में मौकों के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कॉमर्स स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल गाइडेंस दी। मंच संचालन डॉ. संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम के संचालन में रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. पूनम चौधरी ने अहम भूमिका निभाई। डॉ. सुभाष, डॉ. रेणु, डॉ. संदीप, डॉ. मंजीत और डॉ. यशपाल आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** ग्रामीणों के साथ अस्पताल की टीम। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 86 लोगों के नेत्र जांचे

**बहादुरगढ़।** श्यामजी गो सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को गांव नूना माजरा स्थित केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन सत्यनारायण गुप्ता अस्पताल की चिकित्सा टीम ने शिविर में सेवाएं प्रदान की। शिविर में कुल 86 लोगों के नेत्र जांचे गए। इस दौरान उन्हें आंखों की बीमारियों से बचाव व रोकथाम के परामर्श दिए गए। निशुल्क दवा भी प्रदान की गई। सेठ राधेश्याम काबरा इस शिविर के प्रमुख आयोजक रहे। चिकित्सीय टीम ने ग्रामीणों से कहा कि समय समय पर अपनी आंखों की जांच कराते रहना चाहिए।